कक्षा : 12वीं

# हिन्दी (विशिष्ट)- **2012**

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

निर्देश- (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 1-1 अंक निर्धारित है। कुल (5x5=25) अंक।

(4) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक के लिये 4-4 अंक एवं शब्द सीमा लगभग 60 शब्द निर्धारित है।

(5) प्रश्न क्रमांक 11 से 19 तक प्रत्येक के लिये 5-5 अंक एवं शब्द-सीमा 75 शब्द निर्धारित है।

(6) प्रश्न क्रमांक 20 के लिए 10 अंक एवं शब्द सीमा लगभग 300 शब्द निर्धारित है।

प्रश्न 1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न: 1x5= 5

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

(1) प्रताप के सम्पादक-संचालक .......... थे। (रामकुमार वर्मा/गणेश शंकर विद्यार्थी)

(2) छप्पय छंद ........... मिलकर बनता है। (रोला उल्लाला से/दोहा सोरठा से)

(3) मीराबाई ने ......... की आराधना की है। (राम/कृष्ण)

(4) 'टेढ़ी खीर' मुहावरे का अर्थ ............ है। (खीर खाना/कठिन कार्य करना)

(5) गौतम बुद्ध की पत्नी का नाम ........... था। (यशोदा/यशोधरा)

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए: 1x5=5

(1) 'चिन्तामणि' के लेखक आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी हैं।

(2) केशव रीतिमुक्त कवि हैं।

(3) तिमिर गेह में किरण आचरण' समीक्षात्मक निबन्ध है।

(4) 'अध्यक्ष महोदय' एक व्यंग्य रचना है।

(5) माया का भ्रम हट जाए तो फिर आनन्द स्वयं ही उद्घाटित हो जाता है।

प्रश्न 3. सही विकल्प चुनिए: 1×5=5

(1) चित्त की उत्तेजना वृत्ति से सम्बन्ध होता है:

(अ) ओज गुण का (ब) प्रसाद गुण का (स) माधुर्य गुण का (द) किसी का नहीं

(2) नरेन्द्र कोहली के उपन्यास अंश 'केतकी' की कथा का आधार है:

(अ) राजनीतिक (ब) सामाजिक (स) पौराणिक (द) ऐतिहासिक

(3) 'पचपन खम्भे लाल दीवार' किसकी रचना है?

(अ) महादेवी वर्मा (ब) मृणाल पाण्डे (स) शिवानी (द) उषा प्रियंवदा

(4) गजाधर बाबू नौकरी करते थे: http://www.mpboardonline.com

(अ) रेल्वे में (ब) शिक्षा विभाग में (स) दुकान पर (द) ऑफिस में

(5) इंद्रधनुष आकाश में दिखाई देता है:

(अ) बसन्त में (ब) शरद में (स) हेमन्त में (द) वर्षा ऋतु में

प्रश्न 4. निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइए: 1x5=5

| | (अ) | (ब) |
|---|---|---|
| (1) | घनानन्द की प्रेमिका | (1) फणीश्वरनाथ रेणु |
| (2) | संवदिया | (2) जैनेन्द्र कुमार |
| (3) | मध्यमवर्गीय परिवार की समस्या | (3) सुजान |
| (4) | आधुनिक युग का प्रेमचन्द | (4) नैनो टेक्नोलोजी |
| (5) | सुपर कम्प्यूटर | (5) नये मेहमान |

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का एक वाक्य में उत्तर दीजिए: 1×5=5

(1) "मैं छोटा आदमी हूँ और छोटा ही रहना चाहता हूँ।" यह किसका कथन है?

(2) विस्तृत कलेवर वाले काव्य को क्या कहते हैं?

(3) घर के सदस्य अपने विचारों का आदान-प्रदान किस भाषा में करते हैं?

(4) संकलन त्रय क्या है?

(5) इस देह पर गर्व क्यों नहीं करना चाहिये?

प्रश्न 6. 'जीवन दर्शन' नामक पाठ में 'त्यागमय इतिहास' कहकर कवि क्या भाव व्यक्त करना चाहता है? 4

(अथवा) कबीर ने शब्द की क्या महिमा बताई है?

प्रश्न 7. "तुम चलाते हो सदा चिर चेतना के तीर" का आशय स्पष्ट कीजिए। 4

(अथवा) बलिदानी रंग से कवि का क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 8. प्रयोगवाद की विशेषताएँ (कोई तीन) बताते हुए दो प्रयोगवादी कवियों के नाम लिखिये। 4

(अथवा) छायावाद की चार विशेषताएँ लिखिये।

प्रश्न 9. "रंग के बिना सब कुछ सूना है।" लेखक के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। http://www.mpboardonline.com

(अथवा) रामनारायण उपाध्याय जी के साहित्य में स्नेह का मूल्य अधिक क्यों है?

प्रश्न 10. द्विवेदीयुगीन गद्य की कोई चार विशेषताएँ लिखिये। 4

(अथवा) रिपोर्ताज से क्या आशय है? रिपोर्ताज की कोई तीन विशेषताएँ लिखिये।

प्रश्न 11. "ठण्डे सैलाब में बही बसन्त पीढ़ियाँ" पंक्ति का भाव-विस्तार कीजिए। 5
(अथवा) शास्त्रीय संगीत और चित्रपट संगीत में अन्तर बताइये।

प्रश्न 12. (अ) भाषा और बोली में दो अन्तर लिखिये एवं म.प्र. की दो बोलियों के नाम लिखिए। 3

(ब) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए: 3

(1) पलकें बिछाना (2) सिर पर कफन बांधना।

(अथवा) (अ) लोकगीतों की कोई दो विशेषताएँ लिखिये। 2

(ब) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए: 3

(1) सूर्योदय होने पर अंधकार जाता रहा। (संयुक्त वाक्य)

(2) उसने ताजमहल देखा। (प्रश्नवाचक) (3) सत्य की सदा विजय होती है। (आज्ञावाचक)

प्रश्न 13. डॉ. रघुवीर सिंह अथवा आचार्य रामचंद्र शुक्ल का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए: 5

(1) दो रचनाएँ; (2) भाषा-शैली; (3) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 14. मैथिलीशरण गुप्त अथवा कबीरदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिये: 5

(1) दो रचनाएँ; (2) भावपक्ष-कलापक्ष; (3) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 15. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

दुःख या आपत्ति का पूर्ण निश्चय न रहने पर उसकी सम्भावना मात्र के अनुमान से जो आवेगशून्य भय होता है, उसे आशंका कहते हैं। उसमें वैसी आकुलता नहीं होती। उसका संचार कुछ धीमा, पर अधिक काल तक रहता है। http://www.mpboardonline.com

(अथवा) यह संसार क्षणभंगुर है। इसमें दुःख क्या और सुख क्या? जो जिससे बनाया है वह उसी में लय हो जाता है - इसमें शोक और उद्वेग की क्या बात है? यह संसार जल का बुदबुदा है, फूटकर किसी रोज जल में ही मिल जाएगा। फूट जाने में ही बुदबुदे की सार्थकता है, जो यह नहीं समझते वे दया के पात्र हैं।

प्रश्न 16. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए: 5

कल जो हमारी सभ्यता पर हंसे थे अज्ञान से,

वे आज लज्जित हो रहे हैं अधिक अनुसन्धान से।

जो आज प्रेमी हैं हमारे भक्त कल होंगे वही,

जो आज व्यर्थ विरक्त हैं अनुरक्त कल होंगे वही।।

(अथवा) यह तन काँचा कुंभ है, लिये फिरै थे साथ।

टपका लागा फुटि गया, कछू न आया हाथ।।

प्रश्न 17. (अ) मत्तगयंद सवैया की परिभाषा उदाहरण दीजिए। 3

(ब) रस की निष्पत्ति में सहायक तत्वों के नाम लिखिये। 2

(अथवा) (अ) विभावना और विशेषोक्ति अलंकार में अन्तर बताइये। कोई दो। 2

(ब) काव्य की परिभाषा देते हुए उसके भेद बताइये। कोई तीन। 3

प्रश्न 18. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

अहिंसा भी सत्य का पूरक रूप है। अहिंसा में दूसरों के अधिकारों की, विशेषकर जीवधारियों की स्वीकृति रहती है। अहिंसा मन, वचन और कर्म तीनों से होती है। अहिंसा के पीछे जियो और जीने दो का सिद्धान्त कार्य करता है। जहाँ अहिंसा का मान नहीं, वहाँ मानवता नहीं। अहिंसा मानवता का पर्याय है। मनुष्य को उस जीवन को छीनने का कोई अधिकार नहीं, जिसको वह दे नहीं सकता। हिंसा केवल जान लेने में नहीं, वरन दूसरों के स्वत्वों और स्वाभिमान को आघात पहुँचाने में भी होती है।

प्रश्न- (1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये। 1

(2) अहिंसा किस सिद्धान्त पर कार्य करती है? 1

(3) मानवता का पर्याय किसे कहा गया है? 1

(4) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। 2

प्रश्न 19. उत्तर-पुस्तिका की पुनर्गणना हेतु सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र., भोपाल. को एक आवेदन पत्र लिखिए।http://www.mpboardonline.com

(अथवा) अपने विद्यालय के प्राचार्य को निर्धन छात्रकोष से छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

प्रश्न 20. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए: 10

(1) जल की महत्ता

(2) भारतीय समाज में नारी का स्थान

(3) समाचार-पत्र

(4) इन्टरनेट : आज की आवश्यकता

(5) समाज पर चलचित्रों का प्रभाव।